**प्रेरणा**

“असफलता एक सबक है, हार नहीं।”

“जहाँ चाह वहाँ राह।”

सच कहने की ताकत

# जालंधर ब्रीज

साप्ताहिक समाचार पत्र


**साप्ताहिक मौसम**

| दिन | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| शुक्रवार | 31° | 17° |
| शनिवार | 32° | 18° |
| रविवार | 33° | 19° |
| सोमवार | 34° | 20° |
| मंगलवार | 35° | 19° |
| बुधवार | 34° | 18° |
| वीरवार | 33° | 18° |

*आंकड़े आईएमडी के अनुसार


www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-7 • 24 OCTOBER TO 30 OCTOBER 2025 • VOLUME 14 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863



Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE CONSULTING DESIGN TRAINING

ISO CERTIFIED 2015 COMPANY

CONFUSED ABOUT CAREER!

Unsure of what to do after 10th/12th/Graduation?

Whether to Study in India or Abroad?



What should I do after 10th-Science, Commerce or Arts?

Should I consider Computer or Mechanical Engineering?

What is better for me - MBA in Marketing or MBA in Finance?

Should I pursue Chartered Accountancy or Law after 12th?

Do I have the aptitude for Architecture and Designing?

Get Career Guidance from our Expert Career Counseling Team Free of Cost

E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9317776662, 9317776663

REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.

*T&C apply


# थलसेना, वायुसेना और नौसेना का अब दुनिया देखेगी जलवा

## डीएसी ने लगभग 79,000 करोड़ के सैन्य प्रस्तावों को मंजूरी दी

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने 23 अक्टूबर, 2025 को साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली में आयोजित एक बैठक के दौरान लगभग 79,000 करोड़ रुपये की कुल राशि के विभिन्न सैन्य सेवाओं के प्रस्तावों को मंज़ूरी दी। भारतीय सेना के लिए, नाग मिसाइल सिस्टम (ट्रैक्ड) एमके-II (एनएएमआईएस), ग्राउंड बेस्ड मोबाइल ईएलआईएनटी सिस्टम (जीबीएमईएस) और मैटेरियल हैंडलिंग क्रेन सहित हाई मोबिलिटी व्हीकल्स (एचएमवी) की खरीद हेतु आवश्यकता स्वीकृति (एओएन) प्रदान की गई। एनएएमआईएस (ट्रैक्ड) की खरीद से भारतीय सेना की दुश्मन के लड़ाकू वाहनों, बंकरों और अन्य क्षेत्रीय किलेबंदी को निष्क्रिय करने की क्षमता बढ़ेगी, जबकि जीबीएमईएस दुश्मन के उत्सर्जकों की चौबीसों घंटे इलेक्ट्रॉनिक खुफिया जानकारी प्रदान करेगा। एचएमवी के शामिल होने से विविध भौगोलिक क्षेत्रों में सेनाओं को रसद सहायता में उल्लेखनीय सुधार होगा।

भारतीय नौसेना के लिए, लैंडिंग प्लेटफ़ॉर्म डॉक्स (एलपीडी), 30 मिमी नेवल सरफेस गन (एनएसजी), एडवांस्ड लाइट वेट टॉरपीडो (एएलडब्ल्यूटी), इलेक्ट्रो ऑप्टिकल इन्फ्रा-रेड सर्च एंड ट्रैक सिस्टम और 76 मिमी सुपर रैपिड गन माउंट के लिए स्मार्ट गोला-बारूद की खरीद के लिए एओएन प्रदान किया गया। एलपीडी की खरीद से भारतीय नौसेना को



भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना के साथ जल-थलचर अभियानों को अंजाम देने में मदद मिलेगी। एलपीडी द्वारा प्रदान की गई एकीकृत समुद्री क्षमता भारतीय नौसेना को शांति अभियानों, मानवीय सहायता और आपदा राहत आदि में भी मदद करेगी। डीआरडीओ की नौसेना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित एएलडब्ल्यूटी का आगमन पारंपरिक, परमाणु और छोटी पनडुब्बियों को निशाना बनाने में सक्षम है। 30 मिमी एनएसजी की खरीद से भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल की कम तीव्रता वाले समुद्री अभियानों और समुद्री डकैती विरोधी भूमिकाओं को निभाने की क्षमता में वृद्धि होगी। भारतीय वायु सेना के लिए, सहयोगी लंबी दूरी लक्ष्य संतृप्ति/विनाश प्रणाली (सीएलआरटीएस/डीएस) और अन्य प्रस्तावों के लिए एओएन प्रदान किया गया। सीएलआरटीएस/डीएस में मिशन क्षेत्र में स्वचालित टेक-ऑफ, लैंडिंग, नेविगेशन, पता लगाने और पेलोड पहुंचाने की क्षमता है।

### ऑपरेशन सिंदूर ने दिया वैश्विक संदेश कि भारत हर चुनौती का जवाब देने के लिए सदैव तैयार है : रक्षा मंत्री

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 23 अक्टूबर, 2025 को नई दिल्ली में नौसेना कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, ‘ऑपरेशन सिंदूर भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति और क्षमता का प्रतीक था और दुनिया के लिए एक संदेश था कि हम हर चुनौती का जवाब देने के लिए हमेशा तैयार हैं।’ रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान को बंदरगाह या उसकी तटरेखा के पास ही रहने के लिए मजबूर करने वाली निवारक मुद्रा बनाने के लिए भारतीय नौसेना की सराहना की। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि विश्व ने इस ऑपरेशन के दौरान नौसेना की परिचालन तत्परता, पेशेवर क्षमता और ताकत देखी। उन्होंने हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में भारतीय नौसेना की उपस्थिति को ‘मित्र देशों के लिए सुकून’ और ‘क्षेत्र को अस्थिर करने की कोशिश करने वालों के लिए बेचैनी’ का विषय बताया। राजनाथ सिंह ने कहा, ‘आईओआर समकालीन भू-राजनीति का केंद्र बन गया है। यह अब निष्क्रिय नहीं रहा; यह प्रतिस्पर्धा और सहयोग का क्षेत्र बन गया है। भारतीय नौसेना ने अपनी बहुआयामी क्षमताओं के माध्यम से इस क्षेत्र में नेतृत्वकारी भूमिका निभाई है। पिछले छह महीनों में हमारे जहाजों, पनडुब्बियों और नौसेना के विमानों को अभूतपूर्व पैमाने पर तैनात किया गया है।

**अमृतसर में सीमा पार से नशा तस्करी करने वाले मॉड्यूल का पर्दाफाश**

# 5 किलो हेरोइन सहित ड्रग सरगना काबू

**ड्रोन के माध्यम से भेजी गई खेपों को डेरा बाबा नानक सेक्टर में प्राप्त कर रहा था आरोपी : डीजीपी गौरव यादव**

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़/अमृतसर

अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने एक ड्रग सरगना को 5.025 किलो हेरोइन सहित गिरफ्तार किया और सीमा पार नशा तस्करी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया। यह जानकारी आज पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजपाल सिंह (25) के रूप में हुई, जो छेहरटा, अमृतसर में मजीद बिल्डिंग का निवासी है। आरोपी का आपराधिक पिछोकड़ है और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक



जांच में पता चला कि गिरफ्तार आरोपी, पाकिस्तानी हैंडलर द्वारा संचालित एक सीमा पार नेटवर्क चला रहा था और डेरा बाबा नानक सेक्टर का उपयोग करके ड्रोन के माध्यम से भेजी गई नशे की खेपों को प्राप्त करता था। मामले की जांच की जा रही है ताकि पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके। इस कार्रवाई के विवरण साझा करते हुए, पुलिस कमिश्नर (सीपी) अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि अगस्त 2025 में एक नशा तस्कर लक्की को 3 किलो हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया था। उसी मामले की जांच के दौरान, पुलिस टीमों ने राजपाल सिंह की संलिप्तता पाई, जिसके कारण उसे एफआईआर में नामजद किया गया। इसके बाद, 19 अक्टूबर को पुलिस टीमों ने राजपाल सिंह को गिरफ्तार किया और उसकी पहचान व खुलासे के बाद 5.025 किलो और हेरोइन बरामद की गई।

सीपी ने कहा कि आरोपी राजपाल नशे की खेप छिपाने के लिए कपड़ों से भरे बैगों का उपयोग कर रहा था और उन्हें सुरक्षित स्थान तक पहुँचाने के लिए बसों के माध्यम से जालंधर और लुधियाना सहित विभिन्न बस अड्डों का इस्तेमाल किया जाता था। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में और गिरफ्तारी एवं बरामदगी की आशा है।

### ज्वैलरी स्टोर गोलीकांड: संक्षिप्त मुकाबले के बाद पिता-पुत्र गिरफ्तार



• **जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर

गैंगस्टर विरोधी टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब ने होशियारपुर पुलिस के साथ संयुक्त ऑपरेशन में होशियारपुर के गांव बैंचा के निवासी कृष्ण गोपाल को उनके पुत्र केशव समेत होशियारपुर में ज्वैलरी स्टोर पर जानबुझकर हत्या के लिए की गई गोलाबारी, के सम्बन्ध में गिरफ्तार किया है। यह जानकारी डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने वीरवार को यहां दी। पुलिस टीमों ने उनके कब्जे से .32 कैलिबर पिस्तौल और जिंदा कारतूस बरामद किए, इसके अलावा उनका मोटरसाइकिल, जिस पर वे सवार थे, को भी जब्त किया गया। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों व्यक्ति होशियारपुर के गणपति ज्वैलर्स पर 18 अक्टूबर, 2025 को मोटरसाइकिल पर सवार दो हमलावरों द्वारा मुठभेड़ और हत्या के प्रयास में शामिल थे। उन्होंने कहा कि हमले के बाद, दुकान मालिक को एक अज्ञात विदेशी नंबर से धमकी भरी कॉल आई, जिसमें 20 लाख रुपये की फिरौती की मांग की गई थी।

# अब तक 61.01 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा व 13,073 करोड़ का भुगतान : सीएम मान

• **जालंधर ब्रीज.** बस्सी पठानामोरिंडा

प्रदेश में बाढ़ के कारण धान की फसल को हुए नुकसान के मद्देनजर मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने भारत सरकार से धान की खरीद के लिए निर्धारित मानदंडों में ढील देने की मांग की है। गुरुवार को बस्सी पठाना और मोरिंडा की अनाज मंडियों में धान की खरीद के चल रहे कार्यों का जायजा लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में भयानक बाढ़ ने किसानों का बहुत बड़ा नुकसान किया है। उन्होंने कहा कि खराब मौसम के कारण किसानों को हुए नुकसान को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार को धान की खरीद के लिए निर्धारित मानदंडों में ढील देनी चाहिए क्योंकि धान में नमी की मात्रा, खराब और बदरंग दानों की मात्रा बढ़ गई है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि वे इस संबंध में केंद्र सरकार से पहले ही अनुरोध कर चुके हैं कि वह प्रदेश के किसानों की इस अति आवश्यक मांग को पूरा करे क्योंकि रिपोर्टों के अनुसार बाढ़ के कारण कई प्रभावित क्षेत्रों में धान का नुकसान हुआ है और दाने बदरंग हो गए हैं।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि प्रदेश में बाढ़ के कारण हुई भारी तबाही के बावजूद पंजाब द्वारा अभी भी राष्ट्रीय अन्न भंडार में 170 लाख मीट्रिक टन धान का योगदान देने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि मंडियों में व्यापक प्रबंध किए गए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पंजाबी किसानों की कड़ी मेहनत से पैदा हुआ एक-एक दाना खरीदा जाए। पत्रकारों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक प्रदेश की मंडियों में 63.49 लाख मीट्रिक टन धान पहुंचा है, जिसमें से 61.01 लाख मीट्रिक टन पहले ही खरीदा जा चुका है। उन्होंने कहा कि खरीद के 72 घंटों के भीतर उठान को सुनिश्चित करते हुए मंडियों से 91.80 प्रतिशत उठान हो चुका है।



### युवाओं को नौकरी मांगने वाला नहीं, नौकरी देने में सक्षम बनाएंगे : सीएम

**मोरिंडा (जालंधर ब्रीज)**. मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं का भविष्य सुनहरा बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है ताकि हमारे युवा नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने में सक्षम बन सकें। मुख्यमंत्री यहां शहीद सूबेदार मेवा सिंह स्कूल ऑफ एमिनेंस के



विद्यार्थियों से मिलने पहुंचे। इस दौरान विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पंजाब में शिक्षा क्रांति के एक नए युग की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि यह क्रांति विद्यार्थियों को भविष्य के प्रतिस्पर्धी माहौल के लिए तैयार कर रही है और उन्हें जीवन में नई ऊंचाइयां छूने योग्य बना रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह हवाई अड्डों पर रनवे विमान को उड़ान भरने में मदद करते हैं, उसी तरह राज्य सरकार युवाओं को उनके सपने साकार करने में सहायता कर रही है।

### भारत क्या करेगा, आप दुनिया को मत बताओ; ट्रंप को शशि थरूर का जवाब

**नई दिल्ली.** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस दावे पर कि भारत साल के अंत तक रूसी तेल आयात में काफी कमी लाएगा, कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने गुरुवार को पलटवार किया। उन्होंने नई दिल्ली की तरफ से बयानबाजी करने के लिए ट्रंप की आलोचना की। थरूर ने राष्ट्रपति ट्रंप को साफ-साफ कहा कि वह भारत के फैसलों की घोषणा दुनिया को न करें, क्योंकि नई दिल्ली भी वॉशिंगटन डीसी के फैसलों की घोषणा नहीं करता है। कांग्रेस सांसद ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि ट्रंप का भारत के फैसलों के बारे में घोषणा करना सही है। मुझे लगता है कि भारत अपने फैसलों का एलान खुद करेगा। हम दुनिया को यह नहीं बताते कि ट्रंप क्या करेंगे। मुझे



लगता है कि ट्रंप को भी दुनिया को यह नहीं बताना चाहिए कि भारत क्या करेगा।' इससे पहले बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आश्वासन का हवाला देते हुए दावा किया था कि भारत साल के अंत तक रूसी तेल इंपोर्ट को काफी कम कर देगा। यह भी कहा कि रूसी तेल को खत्म करने की प्रक्रिया 'स्लोली-स्लोली' होगी और भारत साल के अंत तक इसे 'लगभग जीरो' कर देगा।

### छठ पर्व की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अगले चार दिनों में 1,205 विशेष ट्रेनें

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी



वैष्णव ने गुरुवार को नई दिल्ली में रेलवे बोर्ड के वार रूम का दौरा किया और त्योहारी सीज़न के दौरान यात्रियों की आवाजाही की समीक्षा की। श्री वैष्णव ने कहा कि मंडल, ज़ोन और रेलवे बोर्ड स्तरों पर वार रूम स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बोर्ड को सभी स्थानों से लाइव फीड प्राप्त होती है। उन्होंने आगे कहा कि प्रमुख स्टेशनों पर मिनी कंट्रोल रूम भी स्थापित किए गए हैं। यह निगरानी प्रणाली हर स्टेशन की स्थिति, अतिरिक्त ट्रेनों की आवश्यकता और अन्य परिचालन ज़रूरतों के संबंध में पूरे देश में वास्तविक समय में समन्वय स्थापित करने में सक्षम बनाती है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि रेलवे स्टेशनों पर बनाए गए होल्डिंग और वेटिंग एरिया की वजह से यात्रियों के प्रवेश की प्रक्रिया अब अधिक सुव्यवस्थित हो गई है। उन्होंने कहा कि त्योहारी भीड़ को संभालने के लिए लगभग 10,700 रिजर्व और 3,000 अनारक्षित ट्रेनें चलाई गई हैं।

# राष्ट्र सेवा में अग्रिम पंक्ति में हैं भारतीय श्वान

**जालंधर ब्रीज.** भारत के इतिहास, संस्कृति और पुराणों में श्वानों को सदैव एक विशिष्ट और सम्माननीय स्थान प्राप्त रहा है। भारतीय मूल की श्वान-नस्लें अपने अद्वितीय साहस, निष्ठा और कार्यकुशलता के लिए जानी जाती रही हैं। राजसी दरबारों से लेकर रणभूमि तक इनकी उपस्थिति, भारत की गौरवशाली सैन्य और सांस्कृतिक परंपरा में मानव एवं पशु के बीच अटूट संबंध का प्रतीक रही है। इस ऐतिहासिक परंपरा को एक नई दिशा तब प्राप्त हुई जब जनवरी 2018 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टेकनपुर स्थित सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के राष्ट्रीय श्वान प्रशिक्षण केंद्र (एनटीसीडी) का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय नस्लों के श्वानों को सुरक्षा बलों में प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उनका यह दूरदर्शी मार्गदर्शन, स्वदेशी नस्लों को पहचान दिलाने, उन्हें प्रशिक्षित करने तथा उन्हें परिचालन भूमिकाओं



में सम्मिलित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

प्रधानमंत्री की इस सोच को और बल प्रदान करते हुए, उन्होंने 30 अगस्त 2020 को अपने ‘मन की बात’ में भारतीय नस्लों के श्वानों को अपनाने और प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। यह अपील ‘आत्मनिर्भर भारत’ एवं ‘वोकल फॉर लोकल’ की भावना से ओतप्रोत थी, जिसने संपूर्ण देश में स्वदेशी गर्व, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान की एक सशक्त चेतना को जन्म दिया।

प्रधानमंत्री की प्रेरणा से अनुप्राणित होकर, बीएसएफ ने दो प्रमुख भारतीय नस्लों – रामपुर हाउंड और मुधोल हाउंड – को बल में सम्मिलित कर एक ऐतिहासिक पहल की। रामपुर हाउंड, उत्तर प्रदेश के रामपुर रियासत से संबंधित है, जिसे नवाबों द्वारा गीदड़ों व अन्य बड़े शिकार हेतु विकसित किया गया था। यह नस्ल अपनी गति, सहनशक्ति व निर्भीकता के लिए प्रसिद्ध है। मुधोल हाउंड, जो दक्कन के पठार का मूल निवासी है, पारंपरिक रूप से शिकार व सुरक्षा कार्यों में प्रयुक्त होता रहा है। इसे मराठा सेनाओं से भी जोड़ा जाता है। बाद में राजा मलोजीराव घोरपड़े द्वारा इसका संरक्षण एवं संवर्धन किया गया, और उन्होंने इसे ब्रिटिश अधिकारियों के समक्ष "कारवान हाउंड" के रूप में प्रस्तुत किया। इन भारतीय श्वान-नस्लों की प्रमुख विशेषताएं हैं – उच्च फुर्ती, सहनशक्ति, अनुकूलनशीलता, रोग प्रतिरोधक क्षमता एवं न्यूनतम देखभाल की आवश्यकता। ये गुण इन्हें भारत के विविध भौगोलिक और जलवायु क्षेत्रों में विशेष रूप से प्रभावी बनाते हैं।

बीएसएफ, न केवल इन श्वानों को टेकनपुर स्थित राष्ट्रीय श्वान प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षित कर रहा है, बल्कि इनके प्रजनन का कार्य भी सक्रिय रूप से कर रहा है। यह पहल अब सहायक के9 प्रशिक्षण केंद्रों और क्षेत्रीय इकाइयों तक विस्तारित हो चुकी है, जिससे भारतीय नस्लों के श्वानों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है।

वर्तमान में, 150 से अधिक भारतीय नस्लों के श्वान देश के विभिन्न सामरिक एवं संवेदनशील क्षेत्रों में – जैसे कि पश्चिमी व पूर्वी सीमाएं, तथा नक्सल विरोधी अभियान – में तैनात किए जा चुके हैं। इस पहल की सफलता का प्रमाण वर्ष 2024 के अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट (लखनऊ) में मिला, जहाँ बीएसएफ की "रिया", एक मुधोल हाउंड, ने सर्वश्रेष्ठ ट्रैकर ट्रेड श्वान एवं 'डॉग ऑफ द मीट' दोनों खिताब अर्जित किए। यह पहला अवसर था जब किसी भारतीय नस्ल के श्वान ने 116 विदेशी नस्लों को पराजित कर यह उपलब्धि प्राप्त की – यह भारतीय श्वानों की उत्कृष्टता, अनुशासन एवं क्षमताओं का जीवंत प्रमाण है।

इस गौरवशाली विरासत को आगे बढ़ाते हुए आगामी राष्ट्रीय एकता दिवस परेड में, जो एकता नगर, गुजरात में आयोजित होगी, केवल भारतीय नस्लों के श्वानों की एक मार्चिंग टुकड़ी बीएसएफ का प्रतिनिधित्व करेगी। यह पहल न केवल भारत की परंपरागत नस्लों को पुनर्जीवित करती है, अपितु यह भी प्रमाणित करती है कि भारत आत्मविश्वास, शक्ति और गरिमा के साथ अपने पथ पर अग्रसर है – और इस मार्ग में भारतीय श्वान राष्ट्र सेवा में अग्रिम पंक्ति में हैं।

# रिया चक्रवर्ती को क्लीन चिट, सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को चैलेंज करेगा सुशांत का परिवार

**नई दिल्ली.** सुशांत सिंह राजपूत के परिवार ने सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को ऊपरी और अधूरी बताते हुए कोर्ट में चुनौती देने का फैसला किया है। सुशांत के परिवार के वकील का कहना है कि सीबीआई ने चार्जशीट के साथ सपोर्टिंग डॉक्यूमेंट नहीं लगाए हैं। जांच एजेंसी ने कई अहम सबूतों को नजरअंदाज किया है।

सीबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि सुशांत ने खुदकुशी की थी और रिया चक्रवर्ती या किसी और आरोपी के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं मिला। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि रिया ने सुशांत के पैसे या सामान में कोई गड़बड़ी नहीं की थी और सुशांत खुद उन्हें परिवार कहते थे। सुशांत के



परिवार के वकील वरुण सिंह ने कहा, 'अगर सीबीआई सच दिखाना चाहती तो उसे चैट, गवाहों के बयान, बैंक रिकॉर्ड और मेडिकल रिपोर्ट भी कोर्ट में जमा करनी चाहिए थी। यह जांच बस दिखावे की है। हम इसके खिलाफ कोर्ट में विरोध याचिका दाखिल करेंगे।' सीबीआई ने सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में पटना कोर्ट में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल करते हुए रिया चक्रवर्ती को क्लीन चीट दी है।

**Travelling**

हर किसी का सपना होता है विदेश घूमने का, लेकिन खर्च के डर से ज्यादातर लोग पीछे हट जाते हैं। मैंने साबित किया कि सिर्फ ₹8,000 में भी एक रोमांचक और यादगार विदेश यात्रा संभव है — नेपाल की यात्रा।

# सबसे सस्ती विदेश यात्रा – "नेपाल की धरती पर पहला कदम"

• **जालंधर ब्रीज .** फीचर

हर किसी का सपना होता है कि ज़िंदगी में एक बार विदेश यात्रा ज़रूर की जाए। लेकिन जब खर्चे का ख्याल आता है तो ज्यादातर लोग यही सोचते हैं — "विदेश जाना बहुत महंगा होता है।" मैं भी यही सोचता था, जब तक कि मैंने एक दिन तय नहीं कर लिया कि अगर सपना है, तो उसे पूरा भी करूंगा — चाहे सस्ते तरीके से ही क्यों न सही। और इस तरह शुरू हुई मेरी सबसे सस्ती विदेश यात्रा — नेपाल की यात्रा।

### योजना की शुरुआत

नेपाल हमारे पड़ोसी देशों में सबसे सस्ता और सबसे आसानी से पहुंचने वाला देश है। भारतीय नागरिकों के लिए यहाँ जाने के लिए पासपोर्ट की भी जरूरत नहीं, बस आधार कार्ड या वोटर आईडी से आप प्रवेश कर सकते हैं। मैंने अपनी यात्रा की योजना बहुत सादगी से बनाई —

**बजट :** ₹8,000
**दिन:** 5

गंतव्य : काठमांडू और पोखरा

**यात्रा साधन :** बस और लोकल टैक्सी

भारत से नेपाल तक का सफर मैं गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) से रवाना हुआ, जहाँ से सीधे बसें नेपाल के सोनौली बॉर्डर तक जाती हैं। किराया मात्र ₹200 था। सोनौली बॉर्डर पर इमिग्रेशन प्रक्रिया बिल्कुल सरल है — बस अपनी आईडी दिखाइए और आप नेपाल में प्रवेश कर सकते हैं। बॉर्डर पार करते ही नेपाल का वातावरण बदल जाता है — सड़कें थोड़ी संकरी हैं, पर हवा में एक अलग तरह की सादगी और अपनापन है।

वहाँ से मैंने लोकल बस पकड़ी जो काठमांडू जा रही थी। किराया मात्र ₹600। रास्ते में पहाड़, झरने और घुमावदार रास्ते देखने लायक थे। छह घंटे बाद जब बस काठमांडू पहुँची तो लगा जैसे मैं किसी पहाड़ी जन्नत में आ गया हूँ।

### ठहरने की व्यवस्था

मैंने पहले से ही इंटरनेट पर एक होमस्टे बुक किया था — ₹800 प्रति रात। यह एक नेपाली परिवार का घर था, जहाँ मुझे सादा लेकिन स्वादिष्ट खाना मिला और असली नेपाली संस्कृति का अनुभव हुआ। अगर आप खर्च और कम करना चाहें तो हॉस्टल या डॉर्मिटरी में मात्र ₹300–₹400 प्रतिदिन में ठहर सकते हैं।



### यात्रा का असली रोमांच

अगले दिन मैं पशुपतिनाथ मंदिर और बौद्धनाथ स्तूप देखने गया। दोनों जगहों पर भारतीय पर्यटकों के लिए कोई एंट्री शुल्क नहीं था। स्थानीय टैक्सी या स्कूटर किराए पर मिल जाता है मात्र ₹400 में पूरे दिन के लिए।

तीसरे दिन पोखरा की ओर बढ़ा, जो नेपाल का सबसे सुंदर पर्यटन स्थल माना जाता है। काठमांडू से पोखरा की बस यात्रा लगभग ₹700 में हो जाती है। रास्ते में पहाड़ों के बीच बहती नदियाँ और घने जंगल जैसे किसी फिल्म का दृश्य लग रहे थे।

पोखरा में मैंने फेवा झील में नाव की सवारी की, जिसका किराया ₹200 था। वहाँ से अन्नपूर्णा पर्वत श्रृंखला की बर्फ़ से ढकी चोटियाँ दिखती हैं

वो नज़ारा हर पैसे की कीमत वसूल कर देता है। शाम को लेकसाइड मार्केट में घूमते हुए "मोमोज़" और "थुकपा" खाया — स्वाद इतना अच्छा कि दिल्ली की रेस्टोरेंट को मात दे दे।

### कुल खर्च का हिसाब

बस यात्रा (भारत से नेपाल और भीतर) : ₹2,000
ठहराव (4 रातें) : ₹3,200
खाना और लोकल ट्रैवल: ₹2,000
अन्य खर्च (स्मृति चिन्ह आदि) : ₹800
कुल खर्च – ₹8,000 में एक विदेश यात्रा पूरी!

### यात्रा का रोडमैप

गोरखपुर तक ट्रेन या बस से पहुँचे।
सोनौली बॉर्डर पार करें (आईडी कार्ड साथ रखें)।
बॉर्डर से काठमांडू की बस लें (₹600–₹800)।
काठमांडू में घूमने के लिए लोकल टैक्सी या स्कूटर किराए पर लें।
तीसरे दिन पोखरा की ओर जाएं और झील, पर्वत और झरनों का आनंद लें।
आखिरी दिन फिर बस से गोरखपुर वापसी।

### यात्रा का अनुभव

यह यात्रा सिर्फ सस्ती नहीं थी, बल्कि आत्मविश्वास बढ़ाने वाली थी। पहली बार महसूस हुआ कि विदेश यात्रा सिर्फ अमीरों के लिए नहीं होती। थोड़ी योजना, सही रूट और हिम्मत से कोई भी कर सकता है। नेपाल के लोग बेहद मिलनसार हैं, हिंदी बोलते हैं और भारतीयों को "अपने जैसे" मानते हैं। वहाँ का खाना, संगीत और पहाड़ी सौंदर्य दिल में बस जाने लायक है।

जब मैं वापस भारत लौटा तो मेरे पास सिर्फ कुछ तस्वीरें नहीं थीं, बल्कि यह एहसास था — अगर मन में चाह हो, तो दुनिया बहुत बड़ी नहीं लगती।

---

**PARENTING**

# अगर आपके पापा भी करते हैं ये 4 चीजें, तो वो हैं दुनिया के सबसे बेस्ट फादर!

पिता का व्यवहार बच्चे की सोच और पर्सनैलिटी पर गहरा असर डालता है। अगर पिता कुछ खास बातें अपनाएं, तो वे अपने बच्चों के लिए सच में 'वर्ल्ड्स बेस्ट फादर' बन सकते हैं। आइए जानते हैं-



• **जालंधर ब्रीज .** फीचर

पिता और बच्चे का रिश्ता बहुत ही प्यारा होता है। एक पिता सिर्फ बच्चे का सहारा नहीं होते, बल्कि उनके पहले टीचर, पहले हीरो और सबसे बड़े गाइड होते हैं। बच्चे जैसा अपने पिता को देखते हैं, वैसा ही बनना चाहते हैं। अगर पिता बच्चों को प्यार, समझ और आजादी देते हैं, तो बच्चे आत्मविश्वासी और मजबूत बनते हैं। पडॉ नेहा मेहता के मुताबिक पिता का व्यवहार बच्चे की सोच और पर्सनैलिटी पर गहरा असर डालता है। अगर पिता कुछ खास बातें अपनाएं, तो वे अपने बच्चों के लिए सच में 'वर्ल्ड्स बेस्ट फादर' बन सकते हैं। आइए जानते हैं वे चार बातें जो एक पिता को सबसे खास बनाती हैं।



### जब पिता बच्चों को फैमिली डिसीजन में शामिल करते हैं

अगर पिता हर फैमिली डिसीजन में अपने बच्चे की राय पूछते हैं, तो यह बच्चे के आत्मविश्वास की सबसे मजबूत नींव है। डॉ नेहा मेहता के मुताबिक, जब बच्चे को लगता है कि उसकी बात भी फैमिली के लिए मायने रखती है, तो वह खुद पर भरोसा करना सीखता है। ऐसे पिता अपने बच्चों को सिर्फ परिवार का हिस्सा नहीं, बल्कि जिम्मेदार इंसान बनाते हैं। इस तरह के बच्चे बड़े होकर हर परिस्थिति में अपनी राय बेझिझक रख पाते हैं।

### जो बच्चों के फैसलों की करें इज्जत

हर बच्चे के अपने ड्रीम्स और इंटरेस्ट होते हैं। जब पिता इन बातों को समझते हुए उनका साथ देते हैं, तो बच्चों में आत्मविश्वास कई गुना बढ़ जाता है। चाहे करियर का चुनाव हो या किसी हॉबी को अपनाने का फैसला, अगर पिता अपने बच्चे के फैसले का कद्र करते हुए, उसे समझने की कोशिश करते हैं, तो यह बात बच्चे के दिल में गहरी छाप छोड़ देती है। डॉक्टर के मुताबिक ऐसे बच्चे समाज का सामना करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं क्योंकि उन्हें पता होता है कि उनके पिता हर कदम पर उनके साथ हैं।

### जो बच्चों को खुलकर बात करने का हौसला दें

कई बार गलती हो जाने पर बच्चे इसे घर में बताने से डरते हैं। लेकिन अगर पिता बच्चों को यह भरोसा देता हैं कि कोई भी परेशानी होने पर, या कोई भी गलती हो जाने पर निडर होकर मुझे जाकर बताना, तो ऐसे बच्चे बहुत ही कॉन्फिडेंट और ईमानदार बनते हैं। उन्हें पता होता है कि किसी भी सिचुएशन में उनके पिता हमेशा उनके साथ है और इसी विश्वास से उनके अंदर अटूट कॉन्फिडेंस आता है।

### जब पिता करे मां की इज्जत

किसी बच्चे के संस्कार उसकी आँखों के सामने बनने वाले रिश्तों से तय होते हैं। अगर पिता अपनी पत्नी यानी बच्चे की माँ की इज्जत करते हैं, उन्हें बराबरी का दर्जा देते हैं, तो बच्चे दूसरों का सम्मान करना सीखते हैं। डॉ नेहा मेहता कहती हैं कि जो पिता अपनी पार्टनर को सम्मान देते हैं, उनके बच्चे भी समाज में सभी के प्रति सम्मान और समानता की भावना लेकर बड़े होते हैं।

---

# मीठे से परहेज करने वाले गेस्ट को खिलाएं चटपटे पनीर फिंगर्स, नोट करें हेल्दी स्नैक्स

मेहमानों के लिए आप एक हेल्दी स्नैक्स रेसिपी पनीर फिंगर्स बनाकर ट्राई कर सकती हैं। यह चटपटी रेसिपी ना सिर्फ खाने में टेस्टी बल्कि बनाने में भी बेहद आसान है। इस हेल्दी रेसिपी का स्वाद बच्चों से लेकर बड़ों तक को पसंद...



• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी

घर आने वाले कई मेहमान, ऐसे भी होते हैं, जो मीठा खाने से परहेज करते हैं या फिर मीठा खाकर ऊब चुके होते हैं। ऐसे मेहमानों के लिए आप एक हेल्दी स्नैक्स रेसिपी पनीर फिंगर्स बनाकर ट्राई कर सकती हैं। यह चटपटी रेसिपी ना सिर्फ खाने में टेस्टी बल्कि बनाने में भी बेहद आसान है।

### पनीर फिंगर्स बनाने के लिए सामग्री

- 250 ग्राम पनीर लम्बे फिंगर्स में कटा हुआ
- 1/2 कप मैदा
- 2-3 बड़े चम्मच कॉर्नफ्लोर
- 1/2 चम्मच काली मिर्च पाउडर
- 1/2 चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- 1/4 चम्मच गरम मसाला
- नमक स्वादानुसार
- पानी घोल बनाने के लिए
- 1 कप ब्रेड क्रम्ब्स, कोटिंग के लिए
- तलने के लिए तेल

### पनीर फिंगर्स बनाने का तरीका


पनीर फिंगर्स बनाने के लिए सबसे पहले पनीर को लगभग 1 से 1.5 इंच लंबा और आधे इंच मोटी फिंगर्स में काट लें। इसके बाद एक बर्तन में मैदा, कॉर्नफ्लोर, काली मिर्च पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला और नमक मिलाकर धीरे-धीरे पानी डालते हुए एक गाढ़ा लेकिन बहने वाला घोल तैयार करें।

इस बात का खास ख्याल रखें कि घोल बहुत पतला नहीं होना चाहिए, घोल ऐसा रखें कि वह पनीर पर अच्छे से चिपक जाए। इसके बाद पनीर के कटे हुए टुकड़े बैटर में डुबोकर ब्रेड क्रम्ब्स में अच्छी तरह रोल करते हुए एक प्लेट में रखें। आप इन्हें 10-15 मिनट के लिए फ्रिज में भी रख सकते हैं, जिससे कोटिंग सेट हो जाए। अब एक कड़ाही में मीडियम आंच पर तेल गरम करें। जब तेल गरम हो जाए, तो पनीर फिंगर्स को सावधानी से तेल में डालकर मीडियम आंच पर सुनहरा और क्रिस्पी होने तक फ्राई करें।

पनीर फिंगर्स को तलते समय इन्हें बीच-बीच में पलटते रहें ताकि ये चारों तरफ से अच्छी तरह फ्राई हो सके। अब तले हुए पनीर फिंगर्स को निकालकर टिश्यू पेपर पर रखकर अतिरिक्त तेल निकाल लें। आपके टेस्टी और गरमा-गरम क्रिस्पी पनीर फिंगर्स बनकर तैयार हैं। आप इन्हें हरी चटनी, टोमेटो केचअप या मेयोनीज सॉस के साथ दिवाली स्नैक्स के रूप में परोस सकते हैं।

---

# रोजमर्रा की 5 छोटी-छोटी आदतें जो चुपके से बना देती व्यक्ति को अमीर



**जालंधर ब्रीज (फीचर) .** किसी व्यक्ति को अमीर या गरीब उसकी जेब में रखा पैसा नहीं बल्कि उसकी आदतें बनाती हैं। अगर आपको भी लगता है कि रोज एक ही तरह से एक जैसा काम करके आप कुछ सालों में एक अमीर व्यक्ति बन सकते हैं तो आप गलत हैं। दरअसल, व्यक्ति अमीर बनेगा या गरीब रहेगा, यह उसकी जेब का पैसा नहीं बल्कि उसकी रोजमर्रा की आदतें निर्धारित करती हैं। बता दें, धन कमाना केवल मेहनत और निवेश का खेल नहीं है, बल्कि कुछ छोटी-छोटी आदतें भी आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकती हैं। आइए जानते हैं वो कौन सी 5 छोटी-छोटी आदतें हैं जो आपके अमीर बनने के लक्ष्य को पूरा करते हुए आपको एक सफल व्यक्ति बनने में मदद करती हैं।

**नियमित रूप से बचत करना :** हर महीने अपनी आय का एक छोटा सा हिस्सा, जैसे 10 से 20 प्रतिशत, बचाने की आदत डालें। इसे ऑटोमेटिक करें, जैसे SIP (सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) या बचत खाते में ऑटो-डेबिट सेट करें। छोटी राशि भी समय के साथ चक्रवृद्धि ब्याज के कारण बढ़ती है।

**बजट बनाना और उसका पालन करना :** हर महीने एक बजट बनाएं और अपनी जरूरतों और चाहतों को अलग करें। 50-30-20 का नियम अपनाएं- 50 प्रतिशत जरूरतों पर, 30 प्रतिशत इच्छाओं पर, और 20 प्रतिशत बचत या निवेश पर। इससे अनावश्यक खर्च रुकता है।

**स्मार्ट निवेश की आदत :** पैसा सिर्फ बचाने से नहीं, बल्कि उसे सही जगह निवेश करने से बढ़ता है। म्यूचुअल फंड्स, स्टॉक्स, या रियल एस्टेट में छोटे-छोटे निवेश शुरू करें। नियमित निवेश की आदत बनाएं, भले ही राशि छोटी हो।

**अनावश्यक खर्चों को करने से बचें :** छोटे-छोटे खर्चों, जैसे रोज बाहर का खाना या बिना जरूरत की शॉपिंग, पर नजर रखें। ऐसे खर्चे महीने के खत्म होते-होते आपकी जेब खाली कर सकते हैं।

**लगातार सीखना और स्किल्स बढ़ाना :** नई स्किल्स सीखने या मौजूदा स्किल्स को अपग्रेड करने की आदत डालें। ऑनलाइन कोर्स, वर्कशॉप्स या किताबें पढ़ें। बेहतर स्किल्स से आपकी कमाई की क्षमता बढ़ती है।

---

# सुपरफूड अलर्ट! प्रोटीन का पावरहाउस टेम्पेह खाने के जबरदस्त फायदे

• **जालंधर ब्रीज.** हेल्थ केयर

**Health**

सोया से बना यह सुपरफूड ना सिर्फ प्रोटीन का पावरहाउस है बल्कि दिल, हड्डियों और पाचन के लिए भी फायदेमंद है। यहां जानें इसे खाने के और भी कई फायदे-

**इंडोनेशिया** का पारंपरिक फूड है जो अब पूरी दुनिया में अपनी हेल्दी खूबियों की वजह से लोकप्रिय हो चुका है। यह सोयाबीन से तैयार किया जाता है और इसका स्वाद हल्का नट्स जैसा तथा टेक्सचर थोड़ा फर्म होता है। टोफू की तुलना में टेम्पेह ज्यादा पौष्टिक माना जाता है क्योंकि इसमें पूरा सोयाबीन इस्तेमाल किया जाता है जिससे इसमें प्रोटीन, फाइबर और विटामिन की मात्रा अधिक रहती है। अगर आप शाकाहारी या वेगन हैं और अपने भोजन में हाई प्रोटीन विकल्प ढूंढ रहे हैं,तो टेम्पेह आपके लिए बेहतरीन विकल्प साबित हो सकता है। आइए जानते हैं इससे जुड़े प्रमुख स्वास्थ्य लाभ –

**प्रोटीन का बेहतरीन स्रोत :** टेम्पेह में प्रति 100 ग्राम में लगभग 15-20 ग्राम प्रोटीन पाया जाता है। यह मसल्स की ग्रोथ, टिश्यू रिपेयर और लंबे समय तक भूख नियंत्रित रखने में मदद करता है।

**पाचन शक्ति को बढ़ाए :** यह एक फर्मेंटेड (fermented) फूड है जिसमें प्राकृतिक प्रोबायोटिक्स मौजूद रहते हैं। ये आंतों की सेहत सुधारते हैं और पेट से जुड़ी परेशानियों को कम करते हैं।

**हृदय के लिए फायदेमंद :** टेम्पेह में मौजूद फाइबर और आइसोफ्लेवोन्स (isoflavones) खराब कोलेस्ट्रॉल (LDL) को कम करते हैं जिससे दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा कम होता है।

**हड्डियों को मजबूत बनाए :** इसमें कैल्शियम, फॉस्फोरस और मैग्नीशियम पाए जाते हैं जो हड्डियों की मजबूती के लिए जरूरी हैं। यह दूध ना पीने वालों के लिए एक अच्छा कैल्शियम विकल्प है।

**ब्लड शुगर नियंत्रण में मददगार :** टेम्पेह में प्रोटीन और फाइबर की मात्रा अधिक होने के कारण यह शुगर लेवल को स्थिर रखता है जिससे डायबिटीज़ के मरीजों को लाभ होता है।

**एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर :** इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर में फ्री रैडिकल्स को कम करते हैं जिससे इम्यूनिटी और स्किन हेल्थ बेहतर रहती है।



**वजन घटाने में सहायक :** यह फूड लंबे समय तक पेट भरा रखता है जिससे अनहेल्दी स्नैकिंग कम होती है और वजन नियंत्रण में रहता है।

**डाइट में कैसे शामिल करें :** टेम्पेह को ग्रिल, स्टर-फ्राई, सलाद या फिर करी में डालकर खाया जा सकता है। यह फ्लेवर को आसानी से सोख लेता है, इसलिए यह हर तरह के व्यंजन में स्वादिष्ट लगता है।

***डिस्क्लेमर :** यह लेख मात्र सामान्य जानकारी के लिए है। किसी भी प्रयोग से पहले विशेषज्ञ की राय अवश्य लें।*

# संशोधित जीएसटी दरों का लाभ अंतिम उपभोक्ता तक पहुंच रहा : निर्मला सीतारमण

**• जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण; केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल; और केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में जीएसटी बचत उत्सव पर एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। अपने उद्घाटन भाषण में निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले से घोषणा की थी कि दिवाली से पहले अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू कर दिए जाएंगे।

सीतारमण ने कहा, "इसके अनुसार, टैक्स दरों में कमी, प्रक्रियाओं का सरलीकरण, टैक्स स्लैब की संख्या चार से घटाकर दो करना और वर्गीकरण से जुड़े मुद्दों का समाधान समय से पहले ही पूरा कर लिया गया है। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार नवरात्रि के पहले दिन से लागू हो गए और मुझे लगता है कि भारत की जनता ने इसका भरपूर स्वागत किया है।" केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा, "हमने जीएसटी की दिशा तय की और उसे लागू भी किया। विपक्ष न तो जीएसटी लेकर आया और न ही इसे लागू करने की हिम्मत जुटाई। आज हम जो कर रहे हैं, वह कोई सुधार नहीं, बल्कि एक जागरूक निर्णय है – जो लोगों को अधिक लाभ पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार और जीएसटी परिषद् के बीच सहयोग का प्रतीक है।"

सीतारमण ने कहा, "टैक्स दरों में कमी उपभोक्ताओं के फायदे में है – और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमें यही करने के लिए निर्देशित किया है। हम 2017 से लेकर आज तक लगातार ऐसा करते आ रहे हैं।"

केंद्रीय वित्त मंत्री ने आगे कहा, "22 सितंबर से, हमें सभी वस्तुओं के बारे में क्षेत्रीय स्तर से जानकारी मिल रही है। हालांकि, हम 54 उत्पादों की कीमतों पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि संशोधित टैक्स ढांचे का लाभ अंतिम उपभोक्ता तक पहुंच रहा है। अगली पीढ़ी के जीएसटी



का लाभ सभी 54 वस्तुओं पर पूरी तरह से लागू किया गया है।" वित्त मंत्रालय का राजस्व विभाग, अगली पीढ़ी के जीएसटी ट्रांजिशन फेज के दौरान तय किए गए 54 उत्पादों की सक्रिय रूप से निगरानी कर रहा है।

अपने उद्घाटन भाषण में, पीयूष गोयल ने 22 सितंबर को अगली पीढ़ी के जीएसटी को लागू करने के साथ इस वर्ष के नवरात्रि को विशेष बनाने के लिए प्रधानमंत्री जी और वित्त मंत्री जी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस सुधार ने पूरे देश में – आम नागरिकों, औद्योगिक और वाणिज्यिक सेक्टर और परिवारों में – एक नया उत्साह और ऊर्जा का संचार किया है। इसे आजादी के बाद का सबसे बड़ा सुधार बताते हुए मंत्री महोदय ने कहा कि अप्रत्यक्ष कर प्रणाली 140 करोड़ भारतीयों को प्रभावित करती है, और प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष दोनों कर तरीकों के माध्यम से 2.5 लाख करोड़ रुपये की राहत देने का यह निर्णय अभूतपूर्व और कल्पना से परे है। गोयल ने इस विषय पर प्रकाश डाला कि इस वर्ष 1 फरवरी को आयकर में घोषणा की गई बड़ी राहत, बचत को प्रोत्साहित करने और लोगों की डिस्पोजेबल आय बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में, वित्त मंत्री बीते डेढ़ वर्ष से व्यापक कर सुधारों पर काम कर रही हैं, जो 3 सितंबर 2025 को घोषित होने के रूप में संपन्न हुई।

गोयल ने कहा कि इन सुधारों का बड़ा प्रभाव निवेश, व्यापार और उद्योग में पहले से ही नजर आ रहा है, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी आई है और उपभोक्ताओं का खर्च बढ़ा है। श्री गोयल ने कहा कि जब इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास और दैनिक जरूरी वस्तुएं अधिक किफायती हो जाती हैं, तो आपूर्ति और मांग दोनों पक्षों से मिला प्रोत्साहन अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ने में मदद करता है, जो भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बनाता है।

अश्विनी वैष्णव ने आज अपने उद्घाटन भाषण में भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम में विशेष बढ़ोतरी और खपत, निवेश एवं मैन्युफैक्चरिंग पर जीएसटी सुधारों के सकारात्मक असर पर प्रकाश डाला। मंत्री महोदय ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था रिकॉर्ड उपभोक्ता मांग, नीतिगत स्थिरता और तेजी से बढ़ते मैन्युफैक्चरिंग बेस के चलते मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रदर्शन जारी रखे हुए है। वैष्णव ने बताया कि इस साल नवरात्रि के मौसम में इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में रिकॉर्ड तोड़ बिक्री हुई, जो बीते साल की तुलना में 20-25% अधिक है। सभी प्रमुख खुदरा श्रृंखलाओं ने टेलीविजन और वॉशिंग मशीन से लेकर स्मार्टफोन और एयर कंडिशनर तक, सभी उत्पाद श्रेणियों में अभूतपूर्व मांग दर्ज की है। विशेष रूप से, 85 इंच के टेलीविजन पूरी तरह बिक गए, और कई परिवारों ने अपने उपकरणों को नए मॉडल में अपग्रेड किया, जो उपभोक्ताओं के बढ़ते भरोसे और खरीदने की शक्ति को प्रतिबिंबित करता है।

वैष्णव ने कहा कि जीएसटी सुधारों ने अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक स्थिरता लाई है, विशेष रूप से खाद्य मंहगाई को कम करके मध्यम वर्गीय परिवारों तक लाभ पहुंचाया है। लगातार पिछले चार महीनों में, खाद्य कीमतों में लगभग 2% का अपस्फीतिकारी रुझान देखा गया है, जिससे खरीदने की घरेलू शक्ति को बनाए रखने और उपभोक्ताओं मांग को लगातार बनाए रखने में मदद मिली है।

---

# भारतीय डाक ने शुरू किया मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी अपडेशन हेतु विशेष अभियान

**• जालंधर ब्रीज .** चंडीगढ़




भारतीय डाक विभाग द्वारा ग्राहकों की सुविधा के लिए दिनांक 16 अक्तूबर 2025 से दो माह की अवधि के लिए सभी सक्रिय डाक जीवन बीमा (PLI) और ग्रामीण डाक जीवन बीमा (RPLI) पॉलिसियों के मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी के अपडेशन हेतु एक विशेष अभियान आरंभ किया गया है।

डाक विभाग सभी पीएलआई और आरपीएलआई पॉलिसीधारकों से अपील करता है कि वे अपनी संपर्क जानकारी (मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी) को अद्यतन करवाएं, क्योंकि समय पर पॉलिसी संबंधी सूचनाएं प्राप्त करने और डिजिटल सेवाओं का पूर्ण लाभ उठाने के लिए यह अत्यंत आवश्यक है। एक वैध मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी आधिकारिक पीएलआई ग्राहक पोर्टल पर लॉगिन करने तथा पॉलिसी प्रबंधन के लिए जरूरी हैं।

मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी के अद्यतन से पॉलिसीधारकों को पॉलिसी ई-स्टेटमेंट, प्रीमियम देय तिथि की सूचनाएं, सुरक्षित ऑनलाइन भुगतान विवरण और अन्य महत्वपूर्ण अपडेट सीधे ईमेल एवं एसएमएस के माध्यम से प्राप्त होंगे।

मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी अपडेट करने की प्रक्रिया: अपना मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी अपडेट कराने के लिए अपने नजदीकी विभागीय या शाखा डाकघर पर जाएं। इसके लिए अपनी पॉलिसी संख्या और वैध पहचान पत्र साथ लेकर जाएं। जानकारी के सफलतापूर्वक अपडेट होने पर आपको पुष्टिकरण एसएमएस या ईमेल प्राप्त होगा।

ऑनलाइन प्रीमियम जमा करने की प्रक्रिया: ऑनलाइन प्रीमियम जमा करने के लिए https://pli.indiapost.gov.in पर जाएं। "ग्राहक लॉगिन" पर क्लिक करें और अपने अद्यतन मोबाइल नंबर या ईमेल आईडी का उपयोग कर पंजीकरण करें। इसके बाद "प्रीमियम भुगतान" विकल्प चुनें और दिए गए निर्देशों का पालन करें। आप यूपीआई, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग या अन्य स्वीकृत माध्यमों से भुगतान कर सकते हैं।

डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा पॉलिसीधारकों से अनुरोध है कि वे नजदीकी डाकघर में जाकर मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी अपडेट कराएं, ताकि वे पीएलआई ग्राहक पोर्टल की सभी ऑनलाइन सेवाओं का सुगमता से लाभ उठा सकें।

इस पहल के माध्यम से भारतीय डाक भविष्य में डाकघरों पर कैशलेस भुगतान विकल्पों को बढ़ावा देकर डिजिटल अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। डाक विभाग ग्राहक संतुष्टि एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के प्रति निरंतर प्रतिबद्ध है।

---

# सोलन में शुरू हुई हिमाचल प्रदेश की दूसरी साइबर-फिजिकल सिस्टम्स (सीपीएस) लैब

**• जालंधर ब्रीज .** सोलन

*आईआईटी रोपड़ ने हिमाचल प्रदेश में शूलिनी विश्वविद्यालय, सोलन में दूसरा साइबर-फिजिकल सिस्टम्स (सीपीएस) लैब किया उद्घाटन*



शूलिनी विश्वविद्यालय के 16वें स्थापना दिवस के अवसर पर, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ ने अपना 18वां साइबर-फिजिकल सिस्टम्स (सीपीएस) लैब उद्घाटित किया, जो राष्ट्रीय मिशन ऑन इंटरडिसिप्लिनरी साइबर-फिजिकल सिस्टम्स (एनएम-आईसीपीएस), विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा समर्थित है। यह लैब हिमाचल प्रदेश में स्थापित दूसरी सीपीएस लैब है, जो राज्य की शिक्षा और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। शांत पहाड़ियों के बीच स्थित यह लैब तकनीकी उत्कृष्टता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि प्रो. प्रेम कुमार खोसला (चांसलर, शूलिनी विश्वविद्यालय) उपस्थित रहे। इसके अलावा प्रो. रणबीर चंदर सोबती (कुलपति, पंजाब विश्वविद्यालय), सरोज खोसला (संस्थापक, अध्यक्ष एवं ट्रस्टी, एफएलएसबीएम), डॉ. राधिका त्रिखा (मुख्य कार्यकारी अधिकारी, आईआईटी रोपड़-टीआईएफ ऑवध), और डॉ. मुकेश सी. केस्टवाल (मुख्य नवाचार अधिकारी, आईआईटी रोपड़-टीएफ ऑवध) भी मौजूद थे।

परियोजना प्रबंधक देशराज धीमान और तकनीकी टीम ने लैब का दौरा कराया, जिसमें 50 से अधिक प्रतिभागियों ने अत्याधुनिक संसाधनों को देखा। यह लैब शिक्षा, अनुसंधान, प्रोटोटाइपिंग, परीक्षण और सहयोग के लिए एक समग्र मंच के रूप में कार्य करेगी।

**लैब में प्रमुख सुविधाएँ में शामिल हैं :** आईआईटी रोपड़ द्वारा विकसित आईओटी किट्स, बीएलई विकास उपकरण, पर्यावरणीय सेंसर, और 3डी प्रिंटर। तकनीकी टीम ने पहले प्रशिक्षण सत्र में 35 छात्रों और शिक्षकों को सीपीएस टूलकिट्स और प्रयोग आधारित सीखने से परिचित कराया।

---

# अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए जमीनी स्तर पर व्यवस्था का आकलन किया

**• जालंधर ब्रीज .** दिल्ली

केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का दौरा किया और इस त्योहारी सीजन के दौरान रेलवे द्वारा की गई व्यवस्थाओं का जमीनी स्तर पर आकलन किया। बाद में मीडिया से बातचीत करते हुए, उन्होंने बताया कि यात्रियों को उनके गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए 12 लाख रेलवे कर्मचारी दिन-रात काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इन विशेष ट्रेनों से अब तक 1 करोड़ से अधिक यात्रियों को सेवा दी जा चुकी है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि औसतन लगभग 4.25 लाख यात्री प्रतिदिन दिल्ली क्षेत्र से यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सूरत, मुंबई, कोयंबटूर, हैदराबाद और बेंगलुरु जैसे प्रमुख स्टेशनों पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है और यहां तक कि चलती ट्रेनों पर भी कड़ी नज़र रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मंडल और ज़ोन का अपना वॉर रूम है, जो सभी रेल कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों से चौबीसों घंटे निगरानी सुनिश्चित करता है।

केंद्रीय मंत्री ने प्लेटफार्म संख्या 1 से होते हुए आरपीएफ नियंत्रण कक्ष का दौरा किया, जो पूरे स्टेशन पर नज़र रखता है। उन्होंने यात्रियों से बातचीत कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। केंद्रीय मंत्री ने प्राथमिक चिकित्सा कक्ष का भी दौरा किया और ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों से बातचीत की।

वैष्णव ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 16 पर पटना जाने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस के यात्रियों से भी बातचीत की। यात्रियों ने भारतीय रेलवे द्वारा उनके लिए की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए गए होल्डिंग एरिया (यात्री सुविधा केंद्र) का भी दौरा किया। भारतीय रेल त्योहारी सीजन के दौरान 12,011 विशेष ट्रेनें चला रहा है, ताकि यात्रा मांग में तेज वृद्धि को पूरा किया जा सके, जो 2024 में 7,724 ट्रेनों से उल्लेखनीय वृद्धि है।

नियमित रेल सेवाओं के अलावा, भारतीय रेल ने 1 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2025 के बीच 4,211 विशेष रेलगाड़ियों का सफलतापूर्वक संचालन किया है, जिनसे 1 करोड़ से ज़्यादा यात्रियों को सुविधा मिली है। दिवाली और छठ के दौरान यात्रियों की संख्या में अपेक्षित वृद्धि को देखते हुए, भारतीय रेल आने वाले दिनों में लगभग 7800 और विशेष रेलगाड़ियां चलाने की योजना बना रहा है।

1 से 20 अक्टूबर 2025 के बीच, इन विशेष ट्रेनों द्वारा 1 करोड़ से अधिक यात्रियों को सेवा प्रदान की जा चुकी है। नई दिल्ली क्षेत्र में, 16 से



20 अक्टूबर 2025 के बीच 21.04 लाख यात्रियों को सुविधा प्रदान की गई, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 19.71 लाख यात्रियों को सुविधा प्रदान की गई थी, इस प्रकार 1.33 लाख यात्रियों की वृद्धि हुई।

देश भर में यात्री सुविधाओं को मजबूती

भारतीय रेल यात्रियों की सुविधा और आराम को बढ़ाने के लिए व्यापक प्रयास कर रहा है। सभी स्टेशनों पर यात्री प्रबंधन को सुव्यवस्थित किया गया है, जिसमें सुगम यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए समर्पित होल्डिंग क्षेत्र, अतिरिक्त टिकट काउंटर, पेयजल सुविधाएं और स्वच्छ शौचालय उपलब्ध कराए गए हैं।

भारतीय रेल ने त्योहारों के मौसम में आने वाले यात्रियों की भारी भीड़ की निगरानी और प्रबंधन के लिए रेल भवन में एक समर्पित "वॉर रूम" स्थापित किया है। यह कमांड सेंटर तत्क्षण निगरानी रखने में सक्षम है और अधिकारियों को भीड़भाड़, यात्रियों की शिकायतों और संभावित घटनाओं का त्वरित समाधान करने में सक्षम बनाता है। यह पहल केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के कार्यभार संभालने के तुरंत बाद उनके मार्गदर्शन में स्थापित की गई थी, जिसका उद्देश्य पूरे रेलवे नेटवर्क में सुरक्षा और निगरानी को मजबूत करना है।


वैष्णव और रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सतीश कुमार, यात्रियों की आवाजाही की समीक्षा करने और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने के लिए समय-समय पर रेल भवन वॉर रूम का दौरा करते हैं। आज, यह वॉर रूम पूरे भारतीय रेल नेटवर्क की निगरानी करने वाली एक प्रभावी प्रणाली के रूप में विकसित हो चुका है, जिसके रेलवे बोर्ड, क्षेत्रीय और मंडल स्तर पर 80 से अधिक वॉर रूम सक्रिय हैं।

इसी प्रकार, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्री व्यवस्थाओं पर बारीकी से निगरानी रखने, सुचारू संचालन सुनिश्चित करने और यात्रियों के लिए अधिक सुविधा सुनिश्चित करने के लिए एक छोटा नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

---

# अमित शाह ने कर्नाटक और महाराष्ट्र को SDRF के केन्द्रीय हिस्से की दूसरी किस्त के रूप में 1950.80 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि जारी करने को मंज़ूरी दी

**• जालंधर ब्रीज .** दिल्ली



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने वर्ष 2025-26 के लिए कर्नाटक और महाराष्ट्र को SDRF में केन्द्रीय हिस्से की दूसरी किस्त के रूप में 1,950.80 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि जारी करने की स्वीकृति दी है। 1,950.80 करोड़ रुपये की कुल राशि में से, कर्नाटक के लिए 384.40 करोड़ रुपये और महाराष्ट्र के लिए 1,566.40 करोड़ रुपये इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान अत्यधिक भारी वर्षा और बाढ़ से प्रभावित लोगों को तत्काल राहत सहायता प्रदान करने के लिए स्वीकृत किए गए हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व और केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में, केन्द्र सरकार, बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने से प्रभावित राज्यों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रति पूरी तरह कटिबद्ध है।

इस वर्ष, केन्द्र सरकार पहले ही SDRF के तहत 27 राज्यों को 13,603.20 करोड़ रुपये और NDRF के तहत 15 राज्यों को 2,189.28 करोड़ रुपये जारी कर चुकी है। इसके अतिरिक्त, राज्य आपदा न्यूनीकरण कोष (SDMF) से 21 राज्यों को 4,571.30 करोड़ रुपये और राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण कोष (NDMF) से 9 राज्यों को 372.09 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

केन्द्र सरकार ने बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने से प्रभावित सभी राज्यों को आवश्यक NDRF टीमों, सेना और वायु सेना की तैनाती सहित सभी सहायता प्रदान की है। इस वर्ष मानसून के दौरान, बचाव और राहत कार्यों के लिए 30 राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों में NDRF की सर्वाधिक 199 टीमों की तैनाती की गई थी।

---

# स्वास्थ्य, बीमा और मूलभूत वस्तुओं पर करों में कटौती से नागरिकों को बड़ी राहत मिली है, जिससे उनका सामर्थ्य बढ़ेगा : गोयल

**• जालंधर ब्रीज .** दिल्ली

केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण; केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल; और केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में जीएसटी बचत उत्सव पर एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। अपने उद्घाटन भाषण में, निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले से घोषणा की थी कि दिवाली से पहले अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू कर दिए जाएंगे।

सीतारमण ने कहा, "इसके अनुसार, टैक्स दरों में कमी, प्रक्रियाओं का सरलीकरण, टैक्स स्लैब की संख्या चार से घटाकर दो करना और वर्गीकरण से जुड़े मुद्दों का समाधान समय से पहले ही पूरा कर लिया गया है। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार नवरात्रि के पहले दिन से लागू हो गए और मुझे लगता है कि भारत की जनता ने इसका भरपूर स्वागत किया है।"

केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा, "हमने जीएसटी की दिशा तय की और उसे लागू भी किया। विपक्ष न तो जीएसटी लेकर आया और न ही इसे लागू करने की हिम्मत जुटाई। आज हम जो कर रहे हैं, वह कोई सुधार नहीं, बल्कि एक जागरूक निर्णय है – जो लोगों को अधिक लाभ पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार और जीएसटी परिषद् के बीच सहयोग का प्रतीक है।"

सीतारमण ने कहा, "टैक्स दरों में कमी उपभोक्ताओं के फायदे में है – और माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमें यही करने के लिए निर्देशित किया है। हम 2017 से लेकर आज तक लगातार ऐसा करते आ रहे हैं।" केंद्रीय वित्त मंत्री ने आगे कहा, "22 सितंबर से, हमें सभी वस्तुओं के बारे में क्षेत्रीय स्तर से जानकारी मिल रही है। हालांकि, हम 54 उत्पादों की कीमतों पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि संशोधित टैक्स ढांचे का लाभ अंतिम उपभोक्ता तक पहुंच रहा है। अगली पीढ़ी के जीएसटी का लाभ सभी 54 वस्तुओं पर पूरी तरह से लागू किया गया है।" वित्त मंत्रालय का राजस्व विभाग, अगली पीढ़ी के जीएसटी ट्रांजिशन फेज के दौरान तय किए गए 54 उत्पादों की सक्रिय रूप से निगरानी कर रहा है।

अपने उद्घाटन भाषण में, पीयूष गोयल ने 22 सितंबर को अगली पीढ़ी के जीएसटी को लागू करने के साथ इस वर्ष के नवरात्रि को विशेष बनाने के लिए प्रधानमंत्री जी और वित्त मंत्री जी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस सुधार ने पूरे देश में – आम नागरिकों, औद्योगिक और वाणिज्यिक सेक्टर और परिवारों में – एक नया उत्साह और ऊर्जा का संचार किया है। इसे आजादी के बाद का सबसे बड़ा सुधार बताते हुए, मंत्री महोदय ने कहा कि अप्रत्यक्ष कर प्रणाली 140 करोड़ भारतीयों को प्रभावित करती है, और प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष दोनों कर तरीकों के माध्यम से 2.5 लाख करोड़ रुपये की राहत देने का यह निर्णय अभूतपूर्व और कल्पना से परे है। गोयल ने इस विषय पर प्रकाश डाला कि इस वर्ष 1 फरवरी को आयकर में घोषणा की गई बड़ी राहत, बचत को प्रोत्साहित करने और लोगों की डिस्पोजेबल आय बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में, वित्त मंत्री बीते डेढ़ वर्ष से व्यापक कर सुधारों पर काम कर रही हैं, जो 3 सितंबर 2025 को घोषित होने के रूप में संपन्न हुई। गोयल ने कहा कि इन सुधारों का बड़ा प्रभाव निवेश, व्यापार और उद्योग में पहले से ही नजर आ रहा है, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी आई है और उपभोक्ताओं का खर्च बढ़ा है। गोयल ने कहा कि जब इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास और दैनिक जरूरी वस्तुएं अधिक किफायती हो जाती हैं, तो आपूर्ति और मांग दोनों पक्षों से मिला प्रोत्साहन अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ने में मदद करता है, जो भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बनाता है।

वैष्णव ने बताया कि इस साल नवरात्रि के मौसम में इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में रिकॉर्ड तोड़ बिक्री हुई, जो बीते साल की तुलना में 20-25% अधिक है। सभी प्रमुख खुदरा श्रृंखलाओं ने टेलीविजन और वॉशिंग मशीन से लेकर स्मार्टफोन और एयर कंडिशनर तक, सभी उत्पाद श्रेणियों में अभूतपूर्व मांग दर्ज की है। विशेष रूप से, 85 इंच के टेलीविजन पूरी तरह बिक गए, और कई परिवारों ने अपने उपकरणों को नए मॉडल में अपग्रेड किया, जो उपभोक्ताओं के बढ़ते भरोसे और खरीदने की शक्ति को प्रतिबिंबित करता है। वैष्णव ने कहा कि जीएसटी सुधारों ने अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक स्थिरता लाई है, विशेष रूप से खाद्य मंहगाई को कम करके मध्यम वर्गीय परिवारों तक लाभ पहुंचाया है। लगातार पिछले चार महीनों में, खाद्य कीमतों में लगभग 2% का अपस्फीतिकारी रुझान देखा गया है, जिससे खरीदने की घरेलू शक्ति को बनाए रखने और उपभोक्ताओं मांग को लगातार बनाए रखने में मदद मिली है।

वैष्णव ने आगे कहा कि मांग में बढ़ोतरी का सीधा असर भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में दोहरे अंकों की बढ़ोतरी में दिखा है, जिससे देश भर में 25 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। भारत ने दुनिया के सबसे बड़े उपभोक्ता बाजारों में एक, संयुक्त राज्य अमेरिका को स्मार्टफोन निर्यात में भी अपने पड़ोसी देश को पीछे छोड़ दिया है। एक प्रमुख वैश्विक कंपनी अब अपने कुल उत्पादन का 20% भारत में निर्माण करती है, जो देश के एक पसंदीदा वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग केंद्र के तौर पर उभरने को प्रतिबिंबित करता है।

# कैबिनेट मंत्रियों ने श्री गुरु तेग बहादर जी के 350वें शहादत समारोह के लिए ओडिशा व गोआ के मुख्यमंत्रियों को दिया आमंत्रण

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़





पंजाब सरकार द्वारा राष्ट्रीय साझा विरासत की भावना के तहत ओडिशा से राबता कायम करने के लिए पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा और खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री लाल चंद कटारूचक ने आज भुवनेश्वर का विशेष दौरा किया, जहाँ उन्होंने ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से भेंट की। इस उच्चस्तरीय दौरे का मुख्य उद्देश्य नौवें सिख गुरु, 'हिंद की चादर' श्री गुरु तेग बहादर जी की 350वीं शहादत की वर्षगांठ के अवसर पर पंजाब में आयोजित होने वाले महान समारोहों के लिए मुख्यमंत्री माझी को औपचारिक निमंत्रण देना था। ओडिशा मुख्यमंत्री कार्यालय में हुई बैठक के दौरान वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने मुख्यमंत्री माझी को निमंत्रण पत्र सौंपा और स्मृति समारोहों के पैमाने तथा महत्व के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। एडवोकेट चीमा ने कहा कि ये आयोजन गुरु साहिब द्वारा धार्मिक स्वतंत्रता और मानव अधिकारों की रक्षा हेतु दी गई अद्वितीय कुर्बानी को समर्पित एक राष्ट्रीय श्रद्धांजलि हैं।

वित्त मंत्री चीमा ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादर जी की शहादत भारत के इतिहास का वह महत्वपूर्ण अध्याय है जो बुनियादी मानवीय मूल्यों की रक्षा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 'हिंद की चादर' द्वारा दी गई यह अद्वितीय कुर्बानी एक ऐसी राष्ट्रीय विरासत है जो सभी धार्मिक और प्रांतीय सीमाओं से परे है। उन्होंने कहा कि इन ऐतिहासिक आयोजनों में मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी का स्वागत करना पंजाब सरकार के लिए गर्व की बात है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारूचक ने अंतरराज्यीय सहयोग की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री माझी ने अत्यंत आत्मीयता से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह दौरा उस एकजुट श्रद्धांजलि को समर्पित है जो सम्पूर्ण देश को गुरु साहिब को अर्पित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब द्वारा दिया गया साहस, धर्मनिरपेक्षता और विश्व-भाईचारे का संदेश ओडिशा की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा सहित देश के सभी राज्यों में गूंजता है।

वहीं, उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन, बिजली और प्रवासी भारतीय मामलों के मंत्री श्री संजीव अरोड़ा तथा कृषि और पशुपालन मंत्री स गुरमीत सिंह खुड्डियां ने आज गोवा के मुख्यमंत्री श्री प्रमोद सावंत से भेंट की और श्री गुरु तेग़ बहादर साहिब जी के 350वें शहादत दिवस के अवसर पर होने वाले आगामी समारोहों के लिए औपचारिक आमंत्रण प्रदान किया। इस बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्रियों ने नौवें सिख गुरु, श्री गुरु तेग़ बहादर साहिब जी, जिनकी धर्म की स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए निःस्वार्थ बलिदान की वजह से 'हिंद की चादर' के रूप में जाना जाता है, के प्रति अपनी गहरी श्रद्धांजलि और सम्मान व्यक्त किया।

कैबिनेट मंत्रियों संजीव अरोड़ा और गुरमीत सिंह खुड्डियां ने गोवा के मुख्यमंत्री को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रण पत्र सौंपा, जिसमें पंजाब सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे व्यापक स्मृति समारोहों की श्रृंखला का उल्लेख किया गया है। ये समारोह विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों पर आयोजित किए जाएंगे, जो गुरु जी के जीवन, शिक्षाओं और अद्वितीय बलिदान से संबंधित हैं। कैबिनेट मंत्रियों ने कहा कि यह समारोह गुरु तेग़ बहादर साहिब जी के मानवता और धर्म निरपेक्षता के लिए किए गए सर्वोच्च बलिदान को याद करने के लिए आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गुरु तेग़ बहादुर साहिब जी की शहादत केवल सिख इतिहास का हिस्सा नहीं है, बल्कि यह पूरी मानवता के लिए स्वतंत्रता, सहिष्णुता और न्याय का संदेश है।

## हरजोत बैंस व दीपक बाली ने जत्थेदार ज्ञानी कुलवंत सिंह को दिया शहीदी समारोह के लिए आमंत्रण



**जालंधर ब्रीज. चंडीगढ़/नांदेड़ :** पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस और पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों के सलाहकार दीपक बाली ने आज तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब, नांदेड़ (महाराष्ट्र) में नतमस्तक होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात उन्होंने तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी कुलवंत सिंह जी से भेंट कर उन्हें 23 से 25 नवंबर, 2025 तक श्री आनंदपुर साहिब में आयोजित होने वाले नौवें पातिशाह श्री गुरु तेग बहादर साहिब जी के 350वें शहीदी समारोह में शामिल होने के लिए औपचारिक आमंत्रण दिया। इस अवसर पर तख्त साहिब के प्रबंधकों ने हरजोत सिंह बैंस को दस्तार सजाई और सिरोपा भेंट किया। भेंटवार्ता के दौरान हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि दसमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चरण छोह पावन स्थल पर नतमस्तक होना उनके लिए अत्यंत भाग्यशाली अनुभव है। उन्होंने तख्त साहिब पर हुई अपनी दस्तारबंदी को याद किया। बैंस ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादर साहिब जी की लासानी शहादत से संबंधित यादगारी समारोहों का हिस्सा बनना उनके लिए आध्यात्मिक अनुभव है। उन्होंने कहा कि यह केवल आमंत्रण नहीं है, बल्कि पंजाब की पवित्र धरती की ओर से तख्त साहिब के जत्थेदार को सम्मान और ससम्मान अपील भी है।

हरजोत सिंह बैंस ने ज्ञानी कुलवंत सिंह जी को अवगत कराया कि श्री आनंदपुर साहिब में आयोजित शहीदी समारोह में विश्वभर से एक करोड़ से अधिक संगत के आने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि 19 से 30 नवंबर तक रोजाना 11,000 से अधिक संगत की ठहराई के लिए पवित्र शहर में टेंट सिटी (चक्क नानकी) स्थापित की जा रही है।

## रक्षा मंत्री ने नीरज चोपड़ा को लेफ्टिनेंट कर्नल के मानद पद का औपचारिक प्रतीक चिन्ह प्रदान किया

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 22 अक्टूबर, 2025 को साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली में आयोजित पिपिंग समारोह के दौरान स्टार भाला फेंक खिलाड़ी और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा को प्रादेशिक सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल के मानद पद का चमचमाता प्रतीक चिन्ह औपचारिक रूप से प्रदान किया। लेफ्टिनेंट कर्नल (मानद) नीरज चोपड़ा और उनके परिवार के सदस्यों के साथ बातचीत करते हुए रक्षा मंत्री ने उन्हें दृढ़ता, देशभक्ति और उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने की भारतीय भावना का आदर्श उदाहरण बताया।

राजनाथ सिंह ने कहा, "लेफ्टिनेंट कर्नल (मानद) नीरज चोपड़ा अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रीय गौरव के सर्वोच्च आदर्शों के प्रतीक हैं और वे खेल जगत और सशस्त्र बलों- दोनों के लिए- आने वाली पीढ़ियों के प्रेरणास्रोत हैं।" इस अवसर पर थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी तथा सेना और प्रादेशिक सेना के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

2016 में सेना में भर्ती हुए लेफ्टिनेंट कर्नल (मानद) नीरज चोपड़ा ने सेना की राजपूताना राइफल्स में सेवा की है। 24 दिसंबर 1997 को हरियाणा के पानीपत जिले के खंडरा गांव में जन्मे नीरज चोपड़ा ने अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों से राष्ट्र और सशस्त्र बलों का गौरव बढ़ाया है। स्टार भाला फेंक खिलाड़ी ने 2020 के टोक्यो ओलंपिक में ट्रैक एंड फील्ड में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बनकर इतिहास रच दिया।

## एंटी ड्रग ड्राइव में बुप्रेनोर्फिन चोरी पर बाजवा ने 'आप' सरकार को घेरा

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़



पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने गुरुवार को मोगा सिविल अस्पताल से लगभग 11,000 बुप्रेनोर्फिन गोलियों की चौंकाने वाली चोरी को लेकर भगवंत मान के नेतृत्व वाले प्रशासन की आलोचना की। बाजवा ने कहा कि 7 लाख रुपये का चोरी हुआ स्टॉक न केवल एक वित्तीय नुकसान का प्रतिनिधित्व करता है, बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा के लिए एक संभावित आपदा का प्रतिनिधित्व करता है क्योंकि नशीली दवाओं को आमतौर पर नशेड़ियों द्वारा हेरोइन के विकल्प के रूप में इस्तेमाल किया जाता है - अब पंजाब के भूमिगत नशीले पदार्थों के बाजार में बाढ़ आने की संभावना है। उन्होंने कहा, 'इस चोरी ने आप सरकार के नशा मुक्त पंजाब के खोखले दावों पर पर्दा डाल दिया है। मुख्यमंत्री जहां बड़े-बड़े वादे करने में व्यस्त हैं, वहीं उनकी निगरानी में राज्य के अस्पतालों को लूटा जा रहा है। बुनियादी सुरक्षा में भारी खामियों को उजागर करते हुए, वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने खुलासा किया कि जिस अस्पताल के स्टोर से ड्रग्स चोरी की गई थी, उसमें कोई सीसीटीवी निगरानी नहीं थी और कोई सुरक्षा गार्ड नहीं था - संवेदनशील नशीले पदार्थों को संभालने में लापरवाही का एक चौंकाने वाला प्रदर्शन।

## अनुसूचित जाति के व्यक्ति को पेशाब पीने और चाटने के लिए मजबूर करने की घटनाएं समाज के लिए कलंक : कैंथ

**कहा- राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को मानवता को शर्मसार करने वाली इन घटनाओं का संज्ञान लेना चाहिए**

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़



मध्य प्रदेश में एक अनुसूचित जाति के व्यक्ति की पिटाई और उसे पेशाब पीने के लिए मजबूर करने और लखनऊ में एक मंदिर के पास गलती से पेशाब करने के बाद अनुसूचित जाति के एक बीमार बुजुर्ग को मूत्र से सनी ज़मीन चाटने के लिए मजबूर करने की कथित घटनाएँ मानवता के लिए कलंक हैं। इन घटनाओं की निंदा करते हुए, जो जातिवाद और सामंतवाद की अनुसूचित जाति-विरोधी मानसिकता का "नग्न प्रदर्शन" हैं, भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा, पंजाब प्रदेश के उपाध्यक्ष परमजीत सिंह कैंथ ने कहा, "आज़ादी के 78 साल बाद भी ऐसी घटनाओं का होना मानवता के लिए कलंक है, और हर भारतीय को ऐसी घटनाओं की कड़ी निंदा करनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए।"

उन्होंने आगे बताया कि मध्य प्रदेश के भिंड ज़िले में अनुसूचित जाति (एससी) समुदाय के एक 25 वर्षीय व्यक्ति पर कथित तौर पर हमला किया गया और उसे मूत्र पीने के लिए मजबूर किया गया, और दिवाली के दिन उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के बाहरी इलाके में काकोरी इलाके में शीतला माता मंदिर के पास गलती से पेशाब करने के बाद अनुसूचित जाति समुदाय के एक 60 वर्षीय बीमार बुज़ुर्ग को मूत्र से सनी ज़मीन चाटने के लिए मजबूर किया गया। भाजपा नेता परमजीत कैंथ ने कहा, "यह न केवल मानवता का अपमान है, बल्कि संविधान की मूल भावना पर भी हमला है।" उन्होंने आगे कहा कि ऐसी मानसिकता विकसित भारत के लिए गंभीर खतरा है, और ये घटनाएँ मानवता को शर्मसार करती हैं और समाज पर कलंक हैं। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को इसका संज्ञान लेना चाहिए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

## पंजाब राज्य महिला आयोग की नवनियुक्त वरिष्ठ वाइस चेयरपर्सन सहित 10 सदस्यों ने संभाला पदभार



**चंडीगढ़ (जालंधर ब्रीज).** पंजाब राज्य महिला आयोग की नवनियुक्त वरिष्ठ वायसचेयरपर्सन, वाइस चेयरपर्सन और दस सदस्यों ने आज विधिवत रूप से अपना पदभार संभाल लिया। आयोग की चेयरपर्सन राज लाली गिल ने बताया कि जिला बठिंडा की रुपिंदर कौर गिल ने वरिष्ठ वाइस चेयरपर्सन और अजनाला की गीता गिल ने वाइस चेयरपर्सन के रूप में आज अपना पदभार ग्रहण किया है। उन्होंने बताया कि इनके साथ ही आयोग के 10 नवनियुक्त सदस्यों ने भी आज अपना पदभार संभाला। इनमें जिला होशियारपुर से नवजोत कौर, जिला जालंधर से कृष्णा देवी, जिला बठिंडा से जसविंदर कौर, जिला लुधियाना से अजींदरपाल कौर, जिला मोहाली से स्वरनजीत कौर, जिला बठिंडा से सुनीता रानी, जिला अमृतसर से सुखबीर कौर, जिला पठानकोट से रेखा मनी शर्मा, जिला पटियाला से वीरपाल कौर चहल और जिला लुधियाना से अमृत पुरी शामिल हैं।

## नगर निगम फगवाड़ा का प्रॉपर्टी टैक्स कार्यालय 31 अक्तूबर तक वीकएंड पर भी खुला रहेगा

• **जालंधर ब्रीज.** फगवाड़ा



शहरवासियों को प्रॉपर्टी टैक्स के लिए लागू की गई वन टाइम सेटलमेंट पॉलिसी-2025 का लाभ लेने में सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से, नगर निगम फगवाड़ा ने घोषणा की है कि नगर निगम का प्रॉपर्टी टैक्स कार्यालय 31 अक्तूबर 2025 तक वीकएंड पर भी खुला रहेगा। मेयर राम पाल उप्पल ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार नागरिकों के कल्याण और सुविधा के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने फगवाड़ा निवासियों से अपील की कि जिनका प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है, वे 31 अक्तूबर 2025 तक नगर निगम कार्यालय में अपने बकाए जमा करवा कर इस योजना का लाभ अवश्य उठाएँ। इस अवसर पर नगर निगम फगवाड़ा की कमिश्नर डॉ. अक्षिता गुप्ता ने बताया कि पंजाब सरकार ने स्थानीय सरकार विभाग के माध्यम से प्रॉपर्टी टैक्स मालिकों को बड़ी राहत प्रदान की है। जो व्यक्ति 31 अक्तूबर 2025 तक अपने बकाया प्रॉपर्टी टैक्स का पूरा भुगतान करते हैं, उन्हें ब्याज और जुर्माने में 50% की छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पंजाब के राज्यपाल के अधिकार से जारी इस पहल का उद्देश्य शहरवासियों पर वित्तीय बोझ को कम करना है।

## भाषा विभाग की ओर से व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के साइन बोर्ड में पंजाबी को प्राथमिकता देने का आह्वान

• **जालंधर ब्रीज.** कपूरथला



पंजाब सरकार प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा और भाषा विभाग की ओर से पूरे राज्य में पंजाबी भाषा (गुरमुखी लिपि) को और अधिक महत्व देने के लिए सार्वजनिक और निजी दुकानों/व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के नाम आदि साइन बोर्ड लिखते समय सबसे ऊपर पंजाबी भाषा में लिखने के आदेश जारी किए गए हैं। इसके अलावा, यदि किसी अन्य भाषा में लिखना हो, तो पंजाबी भाषा (गुरमुखी लिपि) के नीचे दूसरी भाषा का उपयोग किया जा सकता है। इन आदेशों की पालना के लिए ज़िला भाषा अधिकारी, कपूरथला जसप्रीत कौर की अगुआई में गुरु नानक ज़िला लाइब्रेरी, कपूरथला में व्यापार मंडल कपूरथला के साथ एक मीटिंग की गई। बैठक में व्यापार मंडल कपूरथला के ज़िला अध्यक्ष यश महाजन, शहरी अध्यक्ष विक्रम अरोड़ा, उपाध्यक्ष गिरीश भसीन, सचिव विनय जैन, सचिव इंद्रपाल सिंह भाटिया, करन महाजन, गौरव कंडा और बोहड़ सिंह शामिल हुए। विज्ञान और टेक्नोलॉजीज बोर्ड पंजाब के सदस्य कंवर इकबाल सिंह ने पंजाब सरकार द्वारा जारी इन निर्देशों के बारे में कहा कि इन्हें जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

ज़िला भाषा अधिकारी कपूरथला ने पंजाब सरकार द्वारा जारी निर्देशों और नमूना पत्र की कॉपी मीटिंग में शामिल सभी सदस्यों के साथ साझा करते हुए बताया कि निजी दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को अपने साइन बोर्ड पहले पंजाबी भाषा (गुरमुखी लिपि) में लिखा जाये और उसके बाद किसी अन्य उप-भाषा का उपयोग किया जा सकता है। ज़िला भाषा अधिकारी ने मीटिंग में शामिल नेताओं को आश्वासन दिया कि शब्द-जोड़ संबंधी किसी भी सहायता के लिए वे उनके कार्यालय के नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

## हिसार में 24 अक्टूबर को वित्तीय क्षेत्र में अनक्लेम्ड परिसंपत्तियों पर जागरूकता शिविर का होगा आयोजन

• **जालंधर ब्रीज.** हिसार/ चंडीगढ़

वित्तीय क्षेत्र में अनक्लेम्ड परिसंपत्तियों के संबंध में विशेष जागरूकता शिविर अक्टूबर से दिसंबर 2025 तक हरियाणा राज्य के सभी 22 जिलों में आयोजित किए जा रहे हैं। दूसरे चरण में यह शिविर 24 अक्टूबर 2025 को सुबह 11 बजे कॉन्फ्रेंस हॉल, डीसी ऑफिस, हिसार में आयोजित किया जाएगा। इन शिविरों में भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) सहित बैंकों और एसएलबीसी हरियाणा के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। यह पहल वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस), वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आरबीआई, आईआरडीएआई और सेबी के सहयोग से शुरू किए गए तीन माह के राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान "आपकी पूँजी, आपका अधिकार" का हिस्सा है। बीमा पॉलिसी के दावे, बैंक जमा, लाभांश, शेयर और म्यूचुअल फंड की आय जैसी अनक्लेम्ड वित्तीय परिसंपत्तियाँ प्रायः जागरूकता की कमी या पुराने खाते की जानकारी के कारण लावारिस रह जाती हैं। आगामी शिविरों के दौरान नागरिकों को मौके पर ही यह बताया जाएगा कि वे अपनी अनक्लेम्ड परिसंपत्तियों की खोज कैसे कर सकते हैं, रिकॉर्ड को कैसे अपडेट करें और दावा प्रक्रिया को किस प्रकार पूरा करें। नागरिकों को दावा करने की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने हेतु संबंधित निधि नियामकों द्वारा तैयार मानक संचालन प्रक्रियाएँ (एसओपीज़) व अक्सर पूछे जाते प्रश्न (एफएक्यूज़) भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

## जिला स्वास्थ्य सोसायटी की बैठक में विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा

**एडीसी निकास कुमार की अध्यक्षता में हुई विस्तृत बैठक**



• **जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर

डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन के दिशा-निर्देशों अनुसार जिला स्वास्थ्य सोसायटी की महत्वपूर्ण बैठक अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (विकास) निकास कुमार की अध्यक्षता में ज़िला प्रशासकीय परिसर के अशोक चक्र मीटिंग हॉल में आयोजित की गई। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. बलवीर कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग के सभी जिला प्रोग्राम अधिकारियों, एस.एम. ओज़ और अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों और योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा भविष्य के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक की शुरुआत में सिविल सर्जन डॉ. बलवीर कुमार ने जिले में चल रहे सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। ए.डी.सी. निकास कुमार ने गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और कहा कि सभी ब्लॉक स्तर पर 100 फ़ीसदी पंजीकरण हो। एसएमओज को हर सप्ताह समीक्षा बैठक करने के आदेश दिए गए और हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं की विशेष देखभाल पर जोर दिया गया। साथ ही सरकारी अस्पतालों में प्रसव सेवाओं को और मजबूत व सुचारू बनाने के भी निर्देश दिए गए।

एडीसी ने उन ब्लॉकों के एस.एम.ओज़ को विशेष हिदायत दी जहां लिंग अनुपात कम है कि उसके कारणों की जांच कर सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। टीकाकरण के 100 फ़ीसदी लक्ष्य प्राप्त करने और रिकॉर्ड को ऑनलाइन अपडेट रखने के लिए भी निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त परिवार नियोजन कार्यक्रमों के लक्ष्यों की पूर्ति हेतु अधिकारियों को अतिरिक्त प्रयास करने को कहा गया। बैठक में नेशनल वेक्टर बॉर्न डिज़ीज़ कंट्रोल प्रोग्राम के तहत डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया मामलों की भी समीक्षा की गई।

# भारत ने 2 विकेट से दूसरा वनडे भी गंवाया

**2-0 की बढ़त के साथ तीन मैचों की वनडे सीरीज पर कंगारूओं का कब्जा**




**स्पोर्ट्स डेस्क.** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एडिलेड में दूसरा वनडे मैच खेला गया जिसे मेजबान टीम ने 2 विकेट से जीत लिया। इसी के साथ 2-0 की बढ़त के साथ तीन मैचों की वनडे सीरीज को कंगारू टीम ने अपने कब्जे में कर लिया है। एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया। इस दौरान टीम इंडिया ने निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 264 रन बनाए। जिसके जवाब में कंगारू टीम ने 8 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर बेहतरीन जीत अपने नाम की।

वहीं बता दें कि, भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की ये पिछले 6 वनडे सीरीज में ये चौथी सीरीज जीत है। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से मैथ्यू शॉर्ट ने 78 गेंदों में 74 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 4 चौके और 2 छक्के भी निकले। पांचवें विकेट के रूप में 187 रन पर शॉर्ट अपना विकेट गंवा बैठे। लेकिन कूपल कॉनोली और मिचेल ओवन ने छठे विकेट के लिए 59 रन की अहम साझेदारी करके भारत से जीत छीन ली। ओवन ने सिर्फ 23 गेंदों में 36 रन बनाए। कूपल कॉनोली ने भारतीय गेंदबाजों को काफी परेशान किया और बेहतरीन फिफ्टी जड़कर वह अंत तक आउट नहीं हुए। उन्होंने 53 गेंदों में 61 रन की बेहतरीन पारी खेली। ये उनके करियर की बेस्ट पारी रही। इस दौरान उनके बल्ले से 5 चौके और 1 छक्का भी निकला। भारत के लिए हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और वॉशिंगटन सुंदर ने 2-2 विकेट झटके। जबकि सिराज और अक्षर पटेल को 1-1 विकेट से संतोष करना पड़ा।

वहीं पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 17 रन के स्कोर पर भारत को कप्तान शुभमन गिल और विराट कोहली के रूप में दो बड़े झटके लगे। किंग कोहली इस मुकाबले में भी अपना खाता नहीं खोल पाए और डक आउट हुए। वहीं पहले वनडे में फेल रहे रोहित शर्मा ने इस मुकाबले में बहुत संभलकर खेला। उन्होंने 97 गेंदें खेली और अपनी पारी के दौरान 7 चौके और 2 छक्के भी जड़े। तीसरे विकेट के लिए रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर के बीच 118 रन की बेहतरीन साझेदारी हुई। पटेल के आउट होने के बाद ऐसा लग रहा था कि टीम इंडिया 250 के स्कोर तक भी नहीं पहुंच पाएगी लेकिन हर्षित राणा की 18 गेंदों में 24 रन की पारी और अर्शदीप सिंह के 14 गेंदों में 13 रन का जो भारत 264 रन का सम्मानजनक टोटल खड़ा कर पाया।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at DB Corp Ltd, Near Subhanpur Bus Stand,Hamira, Kapurthala-144802(Punjab) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.